हमला | आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस, हमले में घायल दो पुलिस अधिकारियों का इलाज जारी

# करणपठार में पुलिस टीम पर प्राणघातक हमला



**अनूपपुर, नवभारत।** थाना करणपठार क्षेत्र में गुरुवार को जिले की सरई चौकी के प्रभारी मंगला दुबे एवं उनके साथ तैनात प्रधान आरक्षक पर तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा कायरतापूर्ण एवं प्राणघातक हमला किए जाने की गंभीर घटना सामने आई है।

हमले में दोनों पुलिस अधिकारी घायल हो गए, जिनका उपचार जारी है। घटना के बाद पुलिस विभाग में सतर्कता बढ़ा दी गई है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### लुटे गए वाहन से पहुंचे थे आरोपी

जांच के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है कि आरोपी जिस मोटरसाईकिल का उपयोग कर घटनास्थल पर पहुंचे थे, वह वाहन लगभग एक वर्ष पूर्व घुनघुटी से तुम्मी रोड के बीच लूटी गई थी। पुलिस को आशंका है कि पिछले एक वर्ष से इसी वाहन का उपयोग करने वाले लोग ही इस हमले में शामिल हो सकते हैं।

### विशेष टीम गठित की गई

पुलिस ने आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर जांच तेज कर दी है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और आसपास के क्षेत्रों में भी सतर्कता बढ़ाई गई है।

### आरोपियों की सूचना देने वालों को इनाम दिया जाएगा

पुलिस प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त मोटरसाईकिल या उससे जुड़े व्यक्तियों के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त हो, तो तत्काल अनूपपुर पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 7049101013 पर सूचना दें। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति को उचित इनाम प्रदान किया जाएगा तथा उसकी पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।

### बिजुरी पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार



पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में जिले में अपराध नियंत्रण एवं महिला संबंधी प्रकरणों में फरार चल रहे वसूली वारंटियों की तामीली हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बिजुरी पुलिस ने महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए 2 लाख 63 हजार 500 रूपये के वसूली गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार न्यायालय अरविन्द कुमार बरला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोतमा के प्रकरण क्रमांक एमजेसीआर/02/2025 धारा 125(3) हिन्दू गोद एवं भरण-पोषण अधिनियम 1956 के अंतर्गत 2,63,500 की वसूली हेतु गिरफ्तारी वारंटी जारी किया गया था। इस वारंटी के तहत आरोपी बेसाहू चौधरीको ग्राम बुढ़ानपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# बाजार की यातायात व्यवस्था 'वेंटीलेटर' पर

**कोतमा में अतिक्रमण और प्रशासनिक उदासीनता से जनता परेशान**

**कोतमा नवभारत 24 अप्रैल।** नगर की हृदय स्थली कहा जाने वाला कोतमा बाजार क्षेत्र पिछले तीन वर्षों से यातायात के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। प्रशासन की 'इच्छाशक्ति' के अभाव और रसूखदारों के बढ़ते अतिक्रमण ने मुख्य मार्गों को संकरी गलियों में तब्दील कर दिया है, जिससे आम जनता त्रस्त है।

बाजार क्षेत्र की स्थिति यह है कि स्थानीय दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने 3 से 5 फीट तक स्थाई रूप से फुटपाथ घेर रखा है। इतना ही नहीं, पार्किंग के लिए निर्धारित जगहों पर दुकानदारों द्वारा अपनी कारें स्थाई रूप से खड़ी कर दी जाती हैं, विशेषकर रविवार के बाजार के दिन भी ये वाहन नहीं हटाए जाते। परिणाम स्वरूप, खरीदारी करने आने वाले ग्राहक मजबूरन अपने वाहन बीच सड़क पर खड़े करते हैं, जो जाम का मुख्य कारण है।

### पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर सवाल

यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए जिम्मेदार विभाग केवल औपचारिकता निभाता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यातायात पुलिस केवल चिन्हित दिनों में सक्रिय दिखती है, लेकिन आज तक लापरवाही से वाहन खड़ा करने वाले किसी भी रसूखदार पर चालानी कार्रवाई नहीं की गई।

### जनता ने की अतिक्रमण हटाने की मांग

नगरवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि कोतमा बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, पार्किंग स्थलों से स्थाई कब्जे हटाए जाएं और सुचारू यातायात के लिए कड़े नियम लागू किए जाएं ताकि आम आदमी को इस 'ट्रैफिक टॉर्चर' से मुक्ति मिल सके।

### 5 मिनट का रास्ता तय करने में लगते हैं 20 मिनट

नगर के मुख्य मार्गों पर स्थिति इतनी भयावह है कि एक चौक से दूसरे चौक तक पहुंचने में 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में देवी रोड एवं हॉस्पिटल रोड, स्टेशन चौक से आजाद चौक, वीडियो मोड, पुराना स्टेट बैंक रोड से हनुमान तिराहा, मुखर्जी चौक से वीडियो मोड रोड शामिल है। इन मार्गों पर आए दिन जाम लग रहा है।

### छोटे व्यापारियों का छिन जाता है हक

रविवार के साप्ताहिक बाजार में अव्यवस्था अपनी चरम सीमा पर होती है। रसूखदार दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर 20 से 30 फुट तक अस्थाई कब्जा कर लिया जाता है। इस कारण बाहर से आने वाले छोटे सब्जी विक्रेता और ग्रामीण व्यापारी अपनी दुकान लगाने के लिए जगह तक नहीं पा पाते हैं और उन्हें दर-दर भटकना पड़ता है।

# 30 वर्षों का 'हरा निवेश' आज दे रहा सुकून

**न्यायालय परिसर में पक्षकारों और अधिवक्ताओं को मिल रही शीतल छाया**




**कोतमा नवभारत 24 अप्रैल।** विकास की अंधी दौड़ और क्रांक्रीट के जंगलों के बीच कोतमा न्यायालय परिसर आज एक मिसाल पेश कर रहा है। आज से करीब 30 वर्ष पूर्व परिसर में रोपे गए नन्हे पौधे आज विशाल वृक्षों का रूप ले चुके हैं, जो चिलचिलाती धूप और गर्मी के मौसम में यहां आने वाले सैकड़ों लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं।

न्यायालय परिसर में खड़े ये ऊंचे और घने वृक्ष इस बात का प्रमाण हैं कि यदि समय रहते पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता दिखाई जाए, तो उसके परिणाम कितने सुखद होते हैं। जानकारी के अनुसार, इन वृक्षों को लगभग 30 साल पहले सुनियोजित तरीके से लगाया गया था। आज ये वृक्ष न केवल परिसर की सुंदरता बढ़ा रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### पक्षकारों और अधिवक्ताओं को मिली राहत

न्यायालीन कार्यों के सिलसिले में प्रतिदिन दूर-दराज के क्षेत्रों से सैकड़ों पक्षकार न्यायालय पहुंचते हैं। अक्सर सुनवाई के इंतजार में उन्हें घंटों परिसर में बिताना पड़ता है। ऐसे में इन वृक्षों की सघन छाया और इनसे छनकर आने वाली शीतल हवा लोगों को मानसिक और शारीरिक शांति प्रदान करती है। विद्वान अधिवक्ताओं का कहना है कि काम के बढ़ते दबाव और गर्मी के बीच, इन वृक्षों के नीचे बैठने से काफी राहत मिलती है।

### महिला एवं बाल विकास विभाग का मैदानी अमला तत्परता से करें कार्य : कलेक्टर

**अनूपपुर, नवभारत 24 अप्रैल।** महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले को अपने कार्यों में अधिक गंभीरता, पारदर्शिता एवं तत्परता लाने के निर्देश कलेक्टर हर्षल पंचोली ने दिए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों का समग्र सत्यापन कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में सुनिश्चित रूप से पहुंचे। कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने लाडली लक्ष्मी योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# डीआरएम ने ठेकेदारों और अधिकारियों को लगाई फटकार

**अनूपपुर, बिजुरी स्टेशनों पर काम में देरी पर बोले- 3 महीने पहले भी था यही हाल**

**अनूपपुर, नवभारत 24 अप्रैल।** जिले में शुक्रवार को दक्षिण पूर्व मध्यह रेल मंडल रेल बिलासपुर डीआरएम राकेश रंजन अनूपपुर और बिजुरी रेलवे स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया। 'अमृत भारत योजना' के तहत स्टेशनों पर चल रहे काम की कछुआ चाल देख ढिलाई बरतने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों को मौके पर ही जमकर फटकार लगाई।

निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से बनाई गई दूरी चर्चा का विषय रहीं। डीआरए ने निरीक्षण कर, व्यवस्थाओं का जायजा लिया,



लेकिन जमीनी हकीकत सामने रखने वाले पत्रकारों से संवाद से दूरी बनाई।

### विधायक को सौंपा ज्ञापन

इस दौरान पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने मांग पत्र सौंपते हुए मांग की कि कोरोना के समय से वेंकटनगर और निगौरा स्टेशनों पर बंद पड़ी ट्रेनों को फिर से शुरू किया जाए। अनूपपुर नगर पालिका की वार्ड नंबर 8 की पार्षद रेणु गुड्डा सोनी ने कोतवाली तिराहे के पास तोड़े गए रेलवे ओवरब्रिज को फिर से बनाने की मांग रखी।

### कार्य की सुस्ती को देखकर हुए नाराज

डीआरएम राकेश रंजन निर्माण कार्यों की सुस्ती देखकर काफी नाराज नजर आए। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा, 'मैं तीन महीने पहले आया था तब भी यही कहानी थी और आज भी वही हाल है।' उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि बार-बार निर्देश देने के बाद भी अगर काम की रफ्तार नहीं बढ़ी, तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने ठेकेदार को जल्द से जल्द काम निपटाने की हिदायत दी।

## एक नजर में



### शादी का झांसा देकर युवती का किया शारीरिक शोषण

**अनूपपुर, नवभारत 24 अप्रैल।** कोतवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर 27 वर्षीय युवती का शारीरिक शोषण करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान टीकम सिंह मरावी के रूप में हुई है। पीड़िता ने थाना कोतवाली अनूपपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने पहले उससे मित्रता की और शादी करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद पिछले दो वर्षों से लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द जैन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को ग्राम घाटा धोपगढ़ करनपठार से गिरफ्तार कर लिया।

### पुल-पुलिया निर्माण एवं स्थायी मरम्मत की मांग



**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के अनूपपुर-जैतहरी-वेंकटनगर मुख्य मार्ग पर कदमसरा एवं वेंकटनगर के मध्य तिपान नदी तथा नाले में स्थित पुल-पुलिया के क्षतिग्रस्त स्थानों के स्थायी निर्माण की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल ने कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा अनूपपुर से जैतहरी होते हुए वेंकटनगर तक सीमेंट कांक्रीट मार्ग का निर्माण कराया गया है, लेकिन कदमसरा एवं वेंकटनगर के बीच तिपान नदी एवं नाले में स्थित पुल-पुलिया अब भी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं। यह क्षेत्र लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग शहडोल के अंतर्गत आता है। श्री अग्रवाल ने बताया कि इन स्थानों पर पुल-पुलिया के प्रारंभ एवं अंतिम हिस्से अत्यंत खराब स्थिति में हैं, जिससे दोपहिया, चारपहिया एवं अन्य वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका लगातार बनी रहती है। कई बार गंभीर सड़क दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, जिनमें आम नागरिकों को नुकसान उठाना पड़ा है।



### स्वगणना पत्रक भरने की दी गई जानकारी

**अनूपपुर, नवभारत।** भारत की जनगणना 2026 के तहत ऑनलाइन स्वगणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया को लेकर जिला पंचायत सभागार में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जनगणना निदेशालय भोपाल के प्रशिक्षक ने उपस्थित लोगों को स्वगणना पत्रक भरने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों सहित जिला स्तरीय दावा-आपत्ति के लिए जिले के विभिन्न अंचलों से आए लोगों को बताया गया कि वे स्वगणना पत्रक ऑनलाइन भरकर प्राप्त क्रमांक को सुरक्षित रखें और जनगणना सर्वे के लिए आने वाले कार्मिक को उपलब्ध कराएं, ताकि सर्वे कार्य सुगमता से संपन्न हो सके। प्रशिक्षक ने बताया कि स्वगणना प्रक्रिया से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, जिससे जनगणना कार्य अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित होगा।

# पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने का लिया संकल्प

**राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर छुल्हा ग्राम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित**




**अनूपपुर, नवभारत 24 अप्रैल।** राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर जैतहरी जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत छुल्हा में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती बाल्मिक राठौर, जनपद पंचायत अध्यक्ष जैतहरी राजीव सिंह, जनपद जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके रैकवार, परियोजना अधिकारी मनरेगा रवीन्द्र पटेल, जिला समन्वयक संदीप शुक्ला सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, सचिव, पंच एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### पंचायतें लोकतंत्र की जड़ हैं

कार्यक्रम में वक्ताओं ने पंचायत राज व्यवस्था के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि पंचायतें लोकतंत्र की जड़ हैं और ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। पंचायत राज की त्रिस्तरीय व्यवस्था—ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के माध्यम से शासन की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती हैं।

### विकास कार्यों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जाए

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए पंचायती व्यवस्था को सशक्त करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्राम स्तर पर जनभागीदारी बढ़ाने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा विकास कार्यों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने पर बल दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पंचायत छुल्हा के सचिव पुष्पेंद्र पाण्डेय का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### विद्युत प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष छूट योजना लागू

**अनूपपुर, नवभारत 24 अप्रैल।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर वृत्त अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं के लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विशेष छूट योजना लागू की गई है। यह योजना मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग के निर्देशानुसार प्रभावी होगी। जानकारी के अनुसार लोक अदालत में लंबित विद्युत प्रकरणों में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, कृषि, 5 किलोवाट तक के गैर घरेलू तथा 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को विशेष राहत प्रदान की जाएगी। प्री-लिटीगेशन स्तर पर आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत तथा लिटीगेशन स्तर पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी इसके अतिरिक्त, आंकलित राशि के भुगतान में चूक होने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के बाद प्रत्येक छ:माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी।

# नारद जयंती पर होगा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**अनूपपुर, नवभारत 24 अप्रैल।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ब्लॉक इकाई अनूपपुर द्वारा देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर 3 मई को बंकिम बिहार गेस्ट हाउस में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

आयोजन समिति के अनुसार देवर्षि नारद को प्रथम पत्रकार के रूप में सम्मानित किया जाता है। वे सूचना प्रसारण, संवाद और समन्वय के प्रतीक माने जाते हैं। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद द्वारा यह आयोजन जिले में पिछले कई वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। हाल ही में आयोजित कोर कमेटी की बैठक में कार्यक्रम के संयोजक के रूप में भगवान दास मिश्रा एवं चंदन केवट को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### इनकी रहेगी उपस्थिति

संयोजकों ने बताया कि



कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस आयोजन में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, सांसद हिमाद्री सिंह, पूर्व मंत्री एवं विधायक बिसाहूलाल सिंह, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, महाप्रबंधक जमुना कोतमा क्षेत्र प्रभाकर राम त्रिपाठी, भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान सहित जिले के कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम | इंटक महासचिव मोहनलाल पाव ने साथियों संग किया स्वागत, संगठन मजबूती पर हुई अहम चर्चा

# अजय सिंह के दौरे ने कार्यकर्ताओं में किया नई ऊर्जा का संचार



**जमुना कोतमा नवभारत 24 अप्रैल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष, चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल के अनूपपुर जिले के संगठनात्मक दौरे ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया।

इस दौरान वे जिले के युवा एवं तेजतर्रार कांग्रेस नेता मयंक त्रिपाठी के निवास पहुंचे, जहां सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बैंड-बाजे के साथ उनका भव्य और उत्साहपूर्ण स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से जमुना-कोतमा क्षेत्र के इंटक यूनियन के महासचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मोहनलाल पाव की सक्रियता और नेतृत्व प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया।

### कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने पर की चर्चा

मोहनलाल पाव ने अपने इंटक साथियों और अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ मिलकर राहुल का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान अजय सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने और आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर जमुना-कोतमा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पेंशनर्स यूनियन अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, रमेश कुशवाहा, संजय पटेल, रामकिशोर माझी, मोहम्मद अजीज खान, फारुख बेग, अफरोज अंसारी, राम प्रसाद, सुश्री मंजू मिश्रा, हरजीत सिंह, विशाहू लाल कुल्हाड़ा, अनिल श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कांग्रेसजन मौजूद रहे

### इंटक व कांग्रेस मिलकर जनहित के मुद्दे उठाते रहेंगे

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और संगठन की मजबूती ही भविष्य की जीत का आधार बनेगी। मोहनलाल पाव ने भी इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि इंटक यूनियन और कांग्रेस संगठन मिलकर क्षेत्र में जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहेंगे उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट रहकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया

### डॉ. कावेरी शाह 'मान्यता चैंपियन' अवॉर्ड से सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. कावेरी शाह को वर्ष 2025-26 के लिए 'मान्यता चैंपियन' अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान फॉग्सी द्वारा लखनऊ में आयोजित 'वूम टू बर्थ कॉन्क्लेव' में प्रदान किया गया। डॉ. शाह ने 'मान्यता' कार्यक्रम के तहत भारत व अन्य देशों में गुणवत्ता मानकों के प्रचार-प्रसार, निजी क्षेत्र में मातृ मृत्यु दर व एनीमिया कम करने के प्रयासों तथा पिछले तीन वर्षों से ट्रेनर के रूप में संस्थानों को प्रशिक्षण व एक्रिडिटेशन में सहयोग देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में डॉ. प्रीति कुमार, डॉ. हेमा दिवाकर, डॉ. चंद्रवती, फॉग्सी सचिव डॉ. सुवर्णा खादिलकर एवं अध्यक्ष डॉ. भास्कर पाल उपस्थित रहे। देशभर से चयनित लगभग 30 'मान्यता चैंपियन्स' में मध्य प्रदेश से डॉ. कावेरी शाह का चयन होना जबलपुर के लिए गर्व का विषय है। 'मान्यता' फॉग्सी की एक प्रमुख पहल है।